दिन–रविवार दिनांक– 12 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। श्री मोदी इस दौरे के पहले दिन आज शाम साढ़े छह बजे से राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा भट्टाचार्य रोड से शुरू होकर गांधी मैदान स्थित उद्योग भवन के पास समाप्त होगी। श्री मोदी की यात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। वहीं, पटना की यातायात व्यवस्था में भी व्यापक बदलाव किया गया है। बेलीरोड पर आम वाहनों का परिचालन रोक दिया गया है, जबकि अन्य मार्गों पर भी आंशिक रूप से यातायात को प्रतिबंधित किया गया है। प्रधानमंत्री पटना में रात्रि विश्राम करेंगे और कल सुबह पटना साहिब स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेकेंगे। इसके बाद श्री मोदी का हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर रेलवे ने पटना जंक्शन से रेलगाड़ियों के परिचालन व्यवस्था में बदलाव किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दर्जन से अधिक रेलगाड़ियों का ठहराव दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक पटना जंक्शन पर नहीं होगा। रेलवे ने कहा है कि तेजस राजधानी, सम्पूर्णक्रांति एक्सप्रेस, पटना –वाराणसी –काशी इंटरसिटी ट्रेन समेत पटना जंक्शन से रवाना होने वाली कई रेलगाड़ियों को आज दानापुर स्टेशन से रवाना किया जायेगा। वहीं, आज शाम पांच बजे से सात बजे के बीच पटना–हवाई अड्डा से फ्लाइट पकड़ने वाले यात्रियों के लिए पटेल–गोलंबर से हवाई अड्डा तक यातायात पर प्रतिबंध रहेगा। इन यात्रियों के लिए शाम पांच बजे से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने का परामर्श जारी किया गया है।

————————————————————————

हम के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि देश को अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा दिलवाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वपूर्ण योगदान है। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में आयोजित एक जनसभा में श्री मांझी ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा उम्मीदवार राधा मोहन सिंह को समर्थन देने की अपील की।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल पांच संसदीय क्षेत्रों— मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। इन क्षेत्रों में पंचानवे लाख तिरासी हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इस चरण में दो केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत पचपन उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला होना है। इनमें चार महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह का मुकाबला सीपीआई के अवधेश राय से है, जबकि उजियारपुर से नित्यानंद राय की सीधी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा भी दाव पर है। उनका मुकाबला राजद की कुमारी अनिता से है जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास की शांभवी चौधरी और कांग्रेस के सन्नी हजारी आमने—सामने हैं। वहीं, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर का सीधा मुकाबला राजद के ललित यादव के साथ है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा—एसटीईटी का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि एसटीईटी दो हजार चौबीस के पेपर—वन के विभिन्न विषयों की परीक्षा अठारह से उनतीस मई तक होंगी। वहीं, पेपर—टू की परीक्षा ग्यारह से बीस जून तक होगी।

———————————————————————

शेखपुरा जिले में आम लोगों की सुविधा के लिए पुलिस की ओर से डायल—एक सौ बारह नम्बर की मोटरसाईकिल सेवा शुरू की जा रही है। पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने बताया कि इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने जिले को सोलह मोटर साईकिल उपलब्ध कराई गयी है। श्री चौधरी ने बताया कि इस सेवा के माध्यम से जिले

के संकरी गलियारा और मुहल्लों में पुलिस की पहुंच आसान होने से पीड़ितों को शीघ्र सहायता मिल सकेगी।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बारिश के अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अररिया, मधुबनी समेत आस–पास के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मधुबनी में मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों में जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वहीं, अररिया जिले में तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। इधर, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों सहित विभिन्न जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा और कटिहार जिले के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।